# मछली की नई प्रजाति की खोज

[स्रोत: डाउन टू अर्थ](#)

हाल ही में [भारतीय प्राणी सर्वेक्षण (ZSI)](#) के वैज्ञानिकों ने **पश्चिम बंगाल के दीघा मोहना** से **गहरे पानी में चमकीले नारंगी रंग की समुद्री मछली** की एक नई प्रजाति की खोज की है।



## खोजी गई मछली की प्रजाति:

- **परिचय:**
  - यह नई प्रजाति, जिसे आमतौर पर **गर्नार्ड्स या सी-रॉबिन्स** के नाम से जाना जाता है, ट्राइग्लिडे परिवार से संबंधित है।
  - मछली का नाम **प्टेरीगोट्रिग्ला इंटरमेडिका (Pterygotrigla Intermedica)** है, इसके लक्षण **Pterygotrigla hemistictus** जैसी प्रजाति से काफी मिलते-जुलते हैं। विश्व भर में ट्राइग्लिडे परिवार की कुल 178 प्रजातियाँ मौजूद हैं।
- **विशिष्टताएँ:**
  - **आतंरिक सतह पर काली झिल्लियों वाला एक विशिष्ट पेक्टोरल-फिन**, पिछला सफेद किनारा और **फिन के मध्य भाग में तीन छोटे सफेद धब्बे** इसे औरों से अलग बनाते हैं।
- **इस खोज का महत्त्व:**
  - **यह नई समुद्री मछली भारत में पाई की जाने** वाली "**प्टेरीगोट्रिग्ला**" जीनस की चौथी प्रजाति है।
  - यह भारत में अद्वितीय समुद्री पारिस्थितिक तंत्र की हमारी समझ को बेहतर बनाने में मदद करेगी तथा समुद्री जैवविविधता के मामले में देश की मज़बूत स्थिति को रेखांकित करेगी।

## भारतीय प्राणी सर्वेक्षण (ZSI):

- **यह पर्यावरण और वन मंत्रालय का एक अधीनस्थ संगठन है**, इसे वर्ष **1916 में स्थापित** किया गया था।
- यह देश की **असाधारण समृद्ध जीव विविधता** पर ज्ञान की उन्नति हेतु अग्रणी संसाधनों के **सर्वेक्षण और अन्वेषण के लिये एक राष्ट्रीय केंद्र है**।

- इसका मुख्यालय **कोलकाता** में और 16 क्षेत्रीय स्टेशन देश के विभिन्न भौगोलिक स्थानों पर स्थित हैं।

## UPSC सिविल सेवा, विगत वर्ष के प्रश्न

**प्रश्न. हाल ही में हमारे वैज्ञानिकों ने केले के पौधे की नई और भिन्न जाति की खोज की है जिसकी ऊँचाई लगभग 11 मीटर तक होती है और उसके फल का गूदा नारंगी रंग का है। यह भारत के किस भाग में खोजी गई है? (2016)**

(a) अंडमान द्वीप
(b) अनाईमलाई वन
(c) मैकाले पहाड़ियाँ
(d) पूर्वोत्तर उष्णकटिबंधीय वर्षावन

**उत्तर: (A)**

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/new-fish-species-discovered